प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की,
संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / अनु04 / 2024 / 2008 **लखनऊःदिनांक– 22.06.2024**

विषयः–सम सेमेस्टर / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2024 के अंतिम परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु आयोजित वार्षिक परीक्षा, जून–2024 दिनांक 22–06–2024 से 30–06–2024 के मध्य जनपद के राजकीय पालीटेक्निक, अनुदानित पालीटेक्निक तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद के इण्टरमीडिएट कॉलेजों में वर्तमान में संचालित हैं।

पालीटेक्निक की डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों की रेगुलर एवं बैक पेपर की परीक्षाएं केवल राजकीय पालीटेक्निक एवं अनुदानित पालीटेक्निक संस्थानों में संपन्न करायी जानी है। उक्त परीक्षाएं दिनांक 01–07–2024 से 26–07–2024 तक आयोजित होंगी।

सम सेमेस्टर / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून–2024 के परीक्षा कार्यक्रम में Clashing एवं त्रुटि के संबंध में संस्थाओं द्वारा दिये गये आवेदनों को समाहित करते हुए अंतिम परीक्षा कार्यक्रम परिषद के वेबपोर्टल www.bteup.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है।

परीक्षा कार्यक्रम का भलीभांति अवलोकन कर लें। यदि कोई त्रुटि एवं Clashing पाई जाती है तो इसकी सूचना परिषद कार्यालय की ई0मेल0 आई0डी0 anubhag4bte@gmail.com पर प्रत्येक दशा में दिनांक 24–6–2024 के अपरान्ह तक तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु04 / 2024 / 2009–11 **तद्दिनांक– 22.06.2024**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव